राज
कॉमिक्स विशेषांक
संख्या 2545
अलादीन
सुपर कमाण्डो ध्रुव
GAMER INC
RAJ COMICS
राज कॉमिक्स
BY MANOJ GUPTA
2022
SUPER COMMANDO DHRUVA YEAR
By. अनुपम
EESHWAR ART

सुपर कमांडो ध्रुव

राजनगर के आकाश में चमकता अटल सितारा जिसकी चमक के आगे अपराधियों की आंखे और हौंसले दोनों चौंधियाते रहते हैं। लेकिन अपराधियों पर ग्रहण की तरह लग जाने वाले इस अपराध विनाशक की आंखों में ज्वाला जलती रहती है। प्रतिशोध की ज्वाला। और ये ज्वाला भड़की सर्कस की उस आग से जिसने ध्रुव से उसका सब कुछ छीन लिया। उसके माता-पिता राधा, श्याम, उसके ट्रेनर्स रंजन, सुलेमान, शेरखान, पवन और हरक्युलिस, सर्कस के सारे दोस्त जानवर, सर्कस के मालिक जैकब आदि सब कुछ जलकर राख हो गया। और राख हो गया सर्कस का एक उभरता करतबबाज। अब वो प्रतिशोध की आग में जलता एक अंगारा बन चुका था जिसका रुख अब गुनहगारों के अड्डे की तरफ था यानी ग्लोब सर्कस। ध्रुव सर्कस की अलग-अलग कलाओं का धनी तो था ही दिमाग का भी धनी था। अपने इसी दिमाग के बल पर उसने हत्यारों को तिगनी का नाच नचा दिया। उसकी जगह कोई और होता तो एक-एक को मौत की सूरत दिखला देता। लेकिन उसने शपथ ली थी कि वो किसी की जान नहीं लेगा। लेकिन नियति बड़ी बलवान होती है। उसने गुनहगारों को नहीं बख्शा। इस जघन्य हादसे के जिम्मेदार ग्लोब सर्कस के मालिक बॉस और जुबिस्को को उनकी करनी का दंड देने के बाद ध्रुव दिशाहीन सा हो गया। उसे अपराध से घृणा हो गयी थी पर भविष्य की कोई योजना उसके मन में नहीं थी। तब ध्रुव को सही दिशा दिखाने सामने आये एस. एस.पी. राजन मेहरा। उन्होने ना सिर्फ ध्रुव के अपराध उन्मूलन के अभियान को एक शक्ल दी बल्कि उसे अपना पुत्र बनाकर उसका परिवार भी लौटा दिया, जिसमें शामिल थी ममता की मुर्ति मां रजनी मेहरा और एक चुलबुली, शरारती और नटखट बहन श्वेता। तब ध्रुव ने राजनगर में नींव डाली अपराध के खिलाफ मोर्चा लेने वाली कंमाडो फोर्स की। जिसके कैडेट्स हैं पीटर, करीम, रेणु और जिसका कैप्टन है सुपर कंमाडो ध्रुव। अपराध के विरूद्ध इस अंतहीन सफर मे कई नये आयाम जुड़ते चले गये। चंडिका, नताशा, ब्लैक कैट, धनंजय, सामरी, वनपुत्र जैसे दोस्त मिले तो रोबो, ध्वनिराज, चुंबा, बौना वामन जैसे समाज के दुश्मन भी मिले। लेकिन ध्रुव इन सबसे ना सिर्फ टकरा गया बल्कि उनके लिये खौफ का दूसरा नाम भी बन गया। और ये सब वो कर पाया अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति, बेमिसाल बुद्धि और सर्कस में सीखी अपनी कलाओं के दम पर। आसपास की चीजों को हथियार बना लेना और पशु-पक्षियों से बात कर लेना ये ध्रुव की ऐसी क्षमताएँ हैं जो हारी बाजी भी पलट देती हैं।

हाऊ इज इट, डैड?
मेरे बनाए हुए इस लेटेस्ट गेम को 500 में से 490 टेस्टिंग प्लेयर्स हिट बता चुके हैं।
मेरे ख्याल से अब हमें इसका प्रोडक्शन शुरू करके मार्केट में लॉन्च कर देना चाहिए!
माई सन, टेनी, मैं पुराने जमाने का गेम डेवलपर हूं! मेरे अनुसार तो, गेम थोड़ा सा और कठिन होता तो...

visit us at : www.rajcomics.com

...जाएंगे।
ओ माई गॉड!
ओ माई गॉड!! यह असंभव है। य... यह कौन कर सकता है।
मेरी गेम सी.डी. बदली गई है! यह तो... यह तो है...
संजय गुप्ता पेश करते हैं।
अलादीन
राज कॉमिक्स है मेरा
कथा एवं चित्र
अनुपम सिन्हा
इंकिंग
विनोद कुमार
अभिषेक
कैलीग्राफी
नीरू, मंदार
संपादक
मनीष गुप्ता
संस्थापक
राजकुमार गुप्ता,

कुछ समय बाद-
मैं...मैं सच कह रहा हूं, दरोगा जी! वो वही जानवर था जो भईया जी के टी.वी. में था।
भईया कह रहे थे कि सी.डी. बदली गई है।
हम्म्! भांग खाते हो? या कोई और नशा? गांजा, चरस?
राम, राम! हम तो बीड़ी तक कभी न छुए हैं।

इन दोनों के खून के नमूने लो!
कुछ नहीं मिलेगा, इंस्पेक्टर!
हम दोनों कोई नशा नहीं करते! मेरा नौकर सच बोल रहा है।

अगर तेरा नौकर सच बोल रहा है तो तू तो गया!!
तू ही वह गेम खेल रहा था न, जिससे वह जानवर बाहर आया था।

कहना क्या चाहते हैं आप?
मैंने अपने पिता को मारा है?
हो सकता है? कितने का बीमा था तेरे बाप का? और इकलौता बेटा है न तू?

सारा माल तुझे ही मिलना है। हत्या का कारण भी है, गवाह भी है और सबूत भी है।
ऐ पोड्या, यह गेम-वेम सब कब्जे में ले लो!
नहीं! गेम कंसोल को नहीं उठाना वर्ना...

उस तक तो हर खबर चिड़ियों के जरिए तुरंत ही पहुंच जाती है।

यह खबर भी पहुंच ही गई होगी। फिलहाल तो मामला...

...मुझे ही संभालना... य...यह पापा के ऑफिस को क्या हुआ है?
किसी ने पूरे सामान को उलट पलट दिया है!! वो...वो सामान...
ELCOME

डैड की यह सेफ UNBREAKABLE है!! इसको न तो कोई खोल सकता है, और ना ही इसमें से वह कीमती सामान...

...गायब हो सकता है!!
ओ गॉड! फा... फाईल यहां से गायब है।

कौन सी फाईल, भईया जी?
डैड की फाईल! अब यह पक्का हो गया कि...

...अलादीन जिंदा हो गया है!!
और तुम मरने वाले हो!!

अलादीन का सलाम कुबूल करें!
य...यह क्या बला है भईया जी?
ऐसा भूत तो हम कबहूं न देखे हैं!!
यह भूत अलादीन ने भेजा है, भोला!! मुझे मारने के लिए!!
भगवान से मनाओ, भईया जी, कि पुलिस वाले हमको ढूंढ लें!
नहीं भोला। यह मनाओ कि वे हमें न ढूंढ पाएं!! वर्ना...
"...वे मुफ्त में अपनी जान गंवा बैठेंगे।"
आर्रर्रघघघ!
ये हाई स्पीड दहकती बुलेट्स मेरी गामा फोटॉन इमेज में इंटरफेरेंस कर रही हैं...
...और यह समस्या सिर्फ तभी दूर होगी...

...जब इनको चलाने वाले हाथ हिलने के काबिल नहीं रहेंगे।
बस बहुत हो गया। अब और जानें नहीं लेने दूंगा मैं अलादीन को।

पर जो गोलियों से न रुका उसे आप कैसे रोकेंगे, भईया जी?
इस 'गेमिंग ग्लव' से। इसमें मोशन सेंसर फिट है।
इससे तो आप टी.वी. पर वो खेल खेलते हैं न?
आप जैसा हाथ हिलाते हैं, वैसा ही हाथ आपका टी.वी. वाला रूप भी हिलाता है!!
सही समझा तूने! यह एक 'गामा फोटॉन' की बनी आकृति है।

इसको अगर कुछ कंट्रोल कर सकता है...

आऽऽऽह!
स्क्रीन पर 'गामा रिफ्लेक्टर शील्ड' है! इसने मेरे वार को मुझ पर ही पलटा दिया।
...कि बुला लो...
...सुपर कमांडो ध्रुव को।
लो! मर गए भईया जी हीरो बनने के चक्कर में।
हमने पहले ही कहा था...
थ... थैंक-यू, ध्रुव!
ध्रुव!

मेरी जान बचाने का शुक्रिया, ध्रुव! पर जरा संभल कर।
यह 'गामा फोटॉन' कणों से बना एक प्रोजेक्शन है।
इसको तुम सामान्य हथियारों से नहीं खत्म कर सकते!
इससे निपटने का एकमात्र तरीका यह 'गेमिंग ग्लव' है।
जानता हूं। यहां आते ही मैं इस वॉर लॉर्ड. टी.वी. और तुम्हारा गुरु भी देख चुका हूं।
ग्लव चलाने का तरीका सीखने का टाईम नहीं है हमारे पास!
इसका इस्तेमाल तुम ही करो। बैकअप के रूप में।
मैं तो यह देख रहा हूं कि मेटल के वार इसको मामूली सा ही सही, पर नुकसान जरूर पहुंचाते हैं।
यह एक गेम फिगर है। इसका कोई न कोई एक प्रोग्रेम्ड प्वांइट जरूर होगा जिस पर वार करने से यह खत्म हो सके!

तो...तो कुछ नहीं होगा!
...या...होगा!!!
अगर इस पर ऐसे ढेरों वार एक साथ किए जाएं तो...
तरीका काम आया! वह स्क्रीन पर तो नजर आ रहा है...
पर वह गायब हो रहा है!
आऽऽऽऽऽ!
वह तो पलभर के लिए गायब होकर फिर से वापस आ गया।
गायब होने से पहले एक स्टार ब्लेड इसके सीने से टकराया था।
इसकी मैग्नेटिक इमेज की छाती में कोई ऐसा कमजोर बिंदु जरूर है जिस पर वार करने से यह नष्ट हो सकता है।

मैं ज़िंदा नहीं हूं जो तुम मुझे मार सको! पर चिंता मत करो।
कुछ ही पलों में तुम भी मेरे जैसे हो जाओगे।
पहले बनोगे लाश और फिर दीवार पर लटकी तस्वीर!
ओफ्! यह तो अपनी छाती तक अब कोई वार पहुंचने ही नहीं दे रहा है! यानी मेरा शक सही है!
अगर मैं इसी जगह पर स्टार ब्लेड्स की फिर से बौछार कर दूं तो...
आइSSSह!
मेरे ब्रेसलेट सिकुड़ रहे हैं। स्टार ब्लेड निकल नहीं पा रहे हैं, और...
मेरी कलाईयों की हड्डियां टूटने के कगार पर हैं।
यह गामा शील्ड का इस्तेमाल तुम्हारे मेटल ब्रेसलेट को क्रश करने के लिए कर रहा है। और अब यह यही मेरे गेमिंग ग्लव के साथ भी करेगा।
क्योंकि इसमें भी...
...मेटेलिक सर्किटों की भरमार है।
अब हम कुछ नहीं कर सकते। सिवाय भागने के।
मुझे शक है कि यह हमें भागने देगा। सामना करना होगा।
सही जगह पर वार करना होगा।
पर किस चीज से? अब न तो तुम स्टार ब्लेड्स का प्रयोग कर सकते हो और न ही मैं गेमिंग ग्लव का।

अगर मैं इसकी छाती पर किसी ऐसी चीज का वार कर सकूं जिसे यह रोक न सके तो...
आऽऽऽह!
टेनी! मिल गया रास्ता!
मेरे पीछे आओ!
गुड आइडिया! छिपने की अच्छी जगह है!
यह शायद खुद को पैदा करने वाली स्क्रीन पर हमला न करे!
यही तो आईडिया है!
हम स्क्रीन और पॉवर केबल को नहीं छू सकते...
...पर टेबल को तो छू ही सकते हैं न!
अब टेबल को उठा कर ऐसे फेंकना है कि...
...स्क्रीन सीधे इसकी छाती की तरफ जाए!
पर यह स्क्रीन को भी वहां तक पहुंचने नहीं देगा!
अगर पहुंचने देगा तो भी मारा जाएगा!
और अगर पहुंचने नहीं देगा, तो भी मारा जाएगा!
अगर प्रोजेक्शन के लिए स्क्रीन ही नहीं रहेगी, तो यह भी नहीं रहेगा!
ब्रिलिएंट! तुमने तो इसे आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया!

पर तुमको किसने अपने डैड की हत्या करने पर मजबूर किया?
मैंने कहा न कि हत्या अलादीन ने की है!!
अगर ध्रुव समय पर न आता तो वह मेरी भी हत्या कर चुका होता।
अलादीन कौन है?
अलादीन एक वीडियो गेम है। जिसे डैड ने लगभग बीस साल पहले डेवलप किया था।
ALADIN
"उस समय AI यानि 'आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस' पर दुनिया भर में काम चल रहा था!"
"मेरे पिता अलगप्पन ने इस विचार को वीडियो गेम में प्रयुक्त करने की सोची।"
"उन्होंने एक ऐसी प्रोग्रामिंग डेवलप की जिसमें गेम के बेकग्राउंड, करेक्टर्स और सिचुएशन अपने आपको प्लेयर की क्षमता के अनुसार एडजस्ट करते रहते थे।"
Aladin

22 MAY 1992

"प्लेयर को ऐसा करने के लिए एक पॉवर 'अलादीन' लेनी पड़ती थी।"

"अगर प्लेयर ऐसा नहीं करता था तो उसे सामान्य गेम मिलता था।"

"पर अलादीन पॉवर लेने के बाद गेम की AI एक्टिव हो जाती थी।"

"ऐसा लगता था जैसे कि गेम में किसी ने जान फूंककर जीवित वस्तु बना दिया हो।"

"जो प्लेयर अलादीन का ऑप्शन ले लेता था गेम में उसका करेक्टर तुरंत अलादीन बन जाता था।"

...जो जिन्न की मदद से दुष्ट जादूगर का सामाज्य खत्म कर देता था।

पर इ… गेम के बारे में …ने कभी सुना क्यों नहीं?

"परंतु पांचवां लेवल खेलने के समय उनको अलादीन अपने कंट्रोल से बाहर होता महसूस हुआ।"
124539D
"डैड समझ गए कि उनकी टीम ने एक भस्मासुर पैदा कर दिया है।"

उन्होंने खुद की बर्बादी को स्वीकार लिया और शायद दुनिया को बर्बाद होने से बचा लिया।
प्रोजेक्ट अला-दीन बंद कर दिया गया, टीम भी टूट गई और उस गेम की सिर्फ दो यादें रह गईं। एक प्रोजेक्ट फाईल, जो टैम्परप्रूफ सेफ में बंद थी और दूसरी एक-मात्र मास्टर गेम कैसेट जो डैड के तीन साथियों में से कोई एक ले गया था।
पर कौन, इसका पता शायद डैड को भी नहीं था। और न उन्होंने कभी जानने की कोशिश की।
इतनी खतरनाक चीज के प्रति तुम्हारे पिता इतने उदासीन क्यों थे?
यह गेम तभी खतरनाक बनता था जब उसे लेवल सिक्स तक खेल लिया जाए। डैड जानते थे कि ऐसा कोई कर ही नहीं सकता।
और अब तो वे गेम कंसोल कबाड़ी तक के पास नहीं मिलते, जिन पर वह 64 बिट की कैसेट लगाई जा सके!
पर आज की टेक्नोलाजी की मदद से यह भी संभव हो सकता है।
पर किसी ने तो वह गेम खेला भी है और पार भी किया है।
तुम्हारे डैड के वे तीन सहयोगी अब कहां हैं?

चौधरी अंकल का तो उसी समय तगड़े घाटे के कारण हार्ट फेल हो गया था। फिरोज अंकल ने लगभग दो महीने पहले ईमारत से कूद कर आत्महत्या कर ली।
पर रेमो अंकल ने अपनी खुद की गेमिंग कंपनी खोल ली थी। गेम्स इन्कॉर्पोरेटेड!
मेरा कंपीटिशन सिर्फ उन से ही है।

मेहरा निवास
यह बातें तो मैंने भी कभी नहीं सुनी।
गेम्स इंक!! ओ माई गॉड! उनका लेटेस्ट गेम ब्लड बाथ तो रॉकिंग है।
उनके पास दुनिया का बेस्ट गेम-टेस्टर है!!
सब फोटॉन सिंह कहते हैं उसे! उसी के नाम पर तो चलती है गेम्स इंक।
वैसे उसका नाम टोनी सिंह है।

बेस्ट गेम टेस्टर! यानी वह किसी भी गेम का कोई भी लेवल पार कर सकता है?
शर्त लगा लो। गेमिंग में तो वह मेरा भी बाप...

ऊहं-उहं!
सॉरी...मेरा चाचा है। सॉरी पापा!!

अब तुम्हें क्या हुआ भैया?
फोटॉन सिंह का नाम सुन कर होश उड़ गए क्या?
तेरी बकवास सुन कर तो अच्छे-अच्छों के होश उड़ जाएं! वैसे तेरी बकवास है बड़े काम की...

"इस फोटॉन सिंह से तो मिलना ही पड़ेगा।"
तो आप फोटॉन सिंह से मिलना चाहते हैं। सॉरी! वह बहुत व्यस्त है। जो काम है आप मुझसे कहिए।
ठीक है। तो अलादीन गेम की वह फाईल कहां है जो स्वर्गीय अलगप्पन ने आप लोगों के पुराने ऑफिस की टेम्परप्रूफ सेफ में रखी थी।
और जिसका कोड जानने वाले एकमात्र जीवित व्यक्ति आप हैं।

स्वर्गीय! यानि...
कल रात को उनका...एक एनीमेटेड T-REX ने मर्डर कर दिया!
अ...! इंपॉसिबिल!!

आपकी टीम द्वारा बनाई गई अलादीन की एक गेम कैसेट आपके पास थी।
उसी कैसेट की AI ने डैड को मारा है।
कहां है वह कैसेट?
उसे सिर्फ फोटॉन सिंह ही खोल कर ब्रेक कर सकता था!

व्हाट बुलशिट! तुम मुझे बर्बाद करना चाहते हो टेनी!
ध्रुव को साथ लाकर मुझे धमकाना चाहते हो?
अब तुम दरवाजे से बाहर जाना चाहोगे या खिड़की का रास्ता दिखाऊं?
पहले आप अपने बाऊंसर्स से पूछ तो लें कि वे हमें फेंकना चाहते हैं या नहीं!

कायर कहीं के! लेकिन फोटॉन से तुम मिल नहीं सकते, ध्रुव!
जाओ! सर्च वारंट लेकर आओ।

सर्च वारंट आ गया तो फिर हम नहीं पुलिस आएगी...
अरे! आपको क्या हुआ?
इनको क्या हो रहा है?
यह अलादीन का काम है। ओ माई गॉड!! यानी...
...अलादीन कहीं पास में ही है। वह हमारे हर मूव को देख रहा है।
पर असली सवाल तो यह है...
...कि अलादीन को कंट्रोल कौन कर रहा है।

सर! जल्दी बाहर आइए!!
"हमारे हर कंप्यूटर की स्क्रीन बेकाबू हो गई है! स्क्रीन से गेम्स इमेजेस बाहर निकलकर पूरे ऑफिस पर छा रही हैं।"
ओ गॉड! हाऊ इज दिस पॉसिबिल?
यह आप लोगों द्वारा बनाई गई गेमिंग आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस है।
आपको तो पता होना चाहिए!!
मु...मुझे कुछ नहीं पता!
तो फिर फोटॉन सिंह को पता होगा!
शायद वही अलादीन को कंट्रोल कर रहा हो!!
अब अलादीन अपनी पॉवर का क्षेत्र बढ़ा रहा है!
जल्दी बताइए कि वह कहां पर मिल सकता है?
मैं...मैं नहीं बता सकता।
मैं बताता हूं। फोटॉन सिंह इसी ईमारत के टॉप फ्लोर पर बने पेंटहाऊस में है।
यूऽऽऽऽ!

ऐसे वीडियो इफेक्ट से मैं पहले भी निपट चुका हूं! पर उस वक्त चीजों पर गेमिंग लेयर की पर्त नहीं थी, चीजें खुद गेम में बदल रही थीं!★
★पढ़ें राजनगर की तबाही
लेकिन यह इफेक्ट सिर्फ एक आवरण है! असलियत को ढकने वाली एक पर्त! यह मुझे रोक नहीं...
आऽऽऽह!
ध्रुव! जल्दबाजी मत करो!! यह एक आभासी पर्त जरूर है, पर यह भी गामा रेज की ही बनी है।
हालांकि ये बैकग्राउंड की गामा रे इमेज हैं, जो इंटरएक्टिव नहीं होती। इसी-लिए इनकी पॉवर घातक नहीं है।
यह लो-पॉवर गामा रेज तुम्हारे शरीर को तो नहीं पर तुम्हारे नर्व-सिस्टम को जरूर नुक्सान पहुंचा सकती हैं।
फोटॉन सिंह! तुमको अपने तक कभी पहुंचने नहीं देगा।
और अब तो वह फोटॉन रे सिग्नल की मदद से इंसानों को भी कंट्रोल कर रहा है। उन बाऊंसर्स के साथ ऐसा ही हुआ था!!
पर मेरे पास उस तक पहुंचने का एक दूसरा रास्ता भी है।
चीं चीं चि चि चींSSS!
ध्रुव की पुकार पर...
...चिड़ियों का एक झुंड गेम लेयर को चीरता हुआ आ पहुंचा।
धन्यवाद, दोस्तों! तो इधर है खिड़की!
अब अगर गेम की पर्त ने सीढ़ी और लिफ्ट को ढक कर नजरों से ओझल कर दिया है...

"तो मैं बिल्डिंग के बाहर से पेंटहाऊस तक पहुंचूंगा!"
लेकिन रास्ता इतना आसान भी नहीं था।
ओह! ये तेल है तो आभासी पर शरीर से टकराते ही जलन का आभास पैदा कर रहा है।
...तो मैं उसको...
अलादीन!
यह असली है या गामा रेज की बनी गेम इमेज।
लगता तो असली है।
शुक्र है कि इसने मेरे शरीर को सच में नहीं जलाया।
बस एक बार यह अलादीन मेरे सामने आ जाए...

यहीं से वापस लौट जाओ, ध्रुव! यह तुम्हारी लड़ाई नहीं है।

कमाल है। मैं तो समझ रहा था कि उड़ते कालीन से गिरने के बाद तुम बचाओ-बचाओ चिल्लाओगे...

पर तुम तो धमकी देने लगे।

उड़ते कालीन से मैं कभी गिर नहीं सकता, ध्रुव!

तुम्हारा काम! जैसे एक दो मर्डर और?
इस तक पहुंचने के लिए पहले तलवार इसके हाथों से छुड़ानी होगी।
इससे पहले कि तुम भी खुद इलेक्ट्रॉनिक इमेज बन जाओ।
वापस लौट जाओ!
तुम्हारा यहां पर होना मेरे काम में बाधा डाल रहा है।
चीं चीं चिऽऽऽ!
उड़ोगे औरऽऽऽऽ! अरे!
यह मेरा जादुई कालीन है, ध्रुव! सिर्फ मेरा!
तुम्हारी तलवार तो गई। अब तलवार की तरह तुम भी...
मेरे अलावा इस पर कोई और पैर नहीं टिका सकता!
देखा न, रेमो अंकल!
मेरा शक सही था। अलादीन! सच में है।
देख रहा हूं, पर यकीन नहीं होता। कौन हो सकता है यह?
अब इतने भोले मत बनो अंकल! जैसे कि आप जानते ही नहीं...

एल.एन.बी. (LNB) - LOW NOICE BLOCK

ओफ! कोई इलेक्ट्रॉनिक प्रोजेक्शन इतना जोरदार वार कैसे कर सकता है?
यह इलेक्ट्रॉन ब्लास्ट का असर है ध्रुव!
शुक्र मनाओ कि उसके वार ने तुम्हें जलाकर राख नहीं किया।
शुक्र कैसे मनाऊं? वह फोटॉन सिंह को लेने जा रहा है।
अरे! वह ध्यान भटका रहा है तुम्हारा। क्योंकि वह खुद ही फोटॉन सिंह है! शर्त लगा लो!
और तुम ऊपर जाओगे कैसे?
गेमिंग लेयर ने अभी भी ऊपर जाने वाले सभी रास्तों को ब्लॉक कर रखा है।
कुछ भी हो, अलादीन को रोकना तो पड़ेगा ही!
चाहे वह फोटॉन सिंह खुद हो या उसे लेने जा रहा हो।
क्योंकि फोटॉन सिंह अब मुझे सबसे महत्वपूर्ण कड़ी लग रहा है।
ऐसे तुम उसको नहीं रोक सकते। उसके वार का जवाब तुमको उसके स्तर पर जाकर ही देना होगा।
पर वह आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कर रहा है! उसका जवाब हम कैसे देंगे?
यह कला जानने वाला वह अकेला नहीं है। थोड़ा बहुत तो मैं भी जानता हूं।
आखिर मैं उस कातिल को कैसे छोड़ सकता हूं जिसने मेरे डैड की टेक्नीक से ही उनको मारा है।
बस अब फोटॉन सिंह दुनिया को तब तक नहीं मिलेगा जब तक मेरा काम पूरा...
नहीं हो जाता!!
आऽऽऽऽऽ!

ओह! तुम्हारे पास भी कालीन आ गया! तो यह तकनीक तुमने भी उधार ले ली है!
वैसे एक रहस्य बताता हूं तुमको।
मैं आया ही हूं इस तकनीक को नष्ट करने!
अब तुम मेरा ज्यादा समय बर्बाद ना करो! इसके लिए मैं तुमको...
...जिन्न सुलेमान के हवाले करता हूं। सुलेमान संभालो इसे।
हुक्म की तामील होगी!

...और दुश्मन की शिकस्त! सुलेमान की दुनिया में स्वागत है दुश्मन का!
हम्मममममम...
ओफ्! यह यहां पर भी गामा वीडियो लेयर को ला रहा है।
और अगर एक बार गेम्स इंकॉर्पोरेशन की ईमारत मेरी नजर से छुप गई तो...
अरे...यह आवाज...

हम्मममममम...
ओ माई गॉड!

ओफ्! इस टक्कर ने मेरा उड़ता कालीन नष्ट कर दिया। और स्टार लाइन अटकाने लायक कोई जगह नजर नहीं आ रही है।
अब यह तुम्हें यहां से दूर ले जाएगा।

गलत सोच रहे हो। यह प्लेन मुझे ज्यादा दूर नहीं ले जा पाएगा।
दूर ही ले जाने की तो बात है! नीचे देखो!

जिस प्लेन से तुमने लिफ्ट ली है, वह फटने वाला है।
घबराओ मत। गेम है तो प्राण नहीं उड़ेंगे, पर होश तो जरूर उड़ेंगे।

यही गेम है। यही गेम का रूल है।
तो सवाल यह है कि अगले तीन सेकेंड के अंदर तुम बिना अपने कालीन के...
होश तो तब उड़ेंगे जब गोला टकराने के वक्त मैं धमाके को यहां पर मिलूंगा।
क्योंकि मोशन सेंसर्स के कारण मैं गामा रेज से बनी सतह पर चल पा रहा हूं।
हम्म! पर अब धमाका होगा तो यहां से आधे किलोमीटर तक की हर चीज नष्ट हो जाएगी।
...आधा किलोमीटर की दूरी कैसे तय करोगे?
यह दूरी तुम खुद मुझे तय कराओगे।
मैं? मैं तुम्हारा गुलाम नहीं हूं।
मेरे गुलाम नहीं हो पर गेम के...
...नियमों के तो हो।
इसने तो पीछे जाने के लिए प्लेन के एयर-ब्लास्ट को यूज कर लिया!
यह तो आधे सेकेंड में वहीं पहुंच गया जहां से हम चले थे।

देखा रेमो अंकल?
अब समझे कि मैंने ध्रुव को आपके कीमती वायरलेस मोशन सेंसर का जाल क्यों पहनाया है!
देखा! पर इसमें इलेक्ट्रॉनिक कालीन के अलावा तुम्हारी...
...AI की प्रोग्रामिंग की कोई झलक नहीं मिली।
"मिलेगी अंकल! ध्रुव को सब समझा दिया है मैंने। जरूरत पड़ी तो वह उसका इस्तेमाल जरूर करेगा।"
गेम तो यही है। और बीच गेम से मैं कोई रूल बदल भी नहीं सकता।
पर इस गेम की एक लेयर और है!
हर गेम प्रोग्रामिंग किसी न किसी नियम पर आधारित होती है और तुम्हारा वह नियम मैं समझ गया हूं सुलेमान!
यह अलग-अलग गति पर चलने वाले प्लेन ही मुझे इस गेम लेयर के अंत तक यानी अलादीन और फोटॉन सिंह तक ले जाएंगे।
बस मुझे इन पर होते लगातार हमलों से बचकर चलना है।
ये गेम के रास्ते में तुम्हारी तरफ आते रहेंगे और तुमसे टकराते रहेंगे। बच सको तो बच लो।
इनमें पॉवर्स भी मौजूद हैं और खतरे भी।
'लैंप बॉट्स'!

ओफ!
यह तो... चीटिंग है।
ओफ! एक नई समस्या! रियल वर्ल्ड अपराधियों से निपटना ज्यादा आसान है।
गड़बड़! तुम तो बचते जा रहे हो!
अरे, कुछ तो चैलेंज लो।
...तो मैं खेलूंगा!
अब तोप का कोई न कोई गोला इस प्लेन से टकराएगा और तुम्हारे लिए यह गेम ओवर हो जाएगा!!
मैं कोई गेम नहीं खेल रहा हूं! पर अगर तुम्हें हराने के लिए खेलना है...
इस गेमिंग लेयर की कोई भी चीज, चाहे प्लेन हो या तोप, तुमसे प्रतिक्रिया नहीं करेगी।

लेकिन मेरी
गामा इमेज का इन
चीजों पर भी असर
होगा...
...और तुम पर भी!
देखा, रेमो अंकल! आपके मोशन सेंसर सिस्टम में AI का कोड मिलाने का रिजल्ट।
और तब तक अलादीन फोटॉन सिंह तक पहुंच जाएगा।
लो! ऊपर जाने के रास्ते को ढकने वाली गेमिंग लेयर गायब हो गई है।
शायद अब अलादीन को अपना पूरा जोर बाहर लगाना पड़ रहा है।
अब हम भी लिफ्ट से... नहीं नहीं! सीढ़ियों से ऊपर पेंट हाऊस तक जा सकते हैं।
लिफ्ट में खतरा हो सकता है।
तो चलो!
सुपर्ब! यानी AI का सॉफ्टवेयर, डुप्लिकेट इमेज भी प्रोजेक्ट कर सकता है।
लेकिन इसके बावजूद भी ध्रुव को अलादीन को रोकने में समय लगेगा।
मेरे प्रतिरूप के वार जिन्न को नुकसान पहुंचा रहे हैं!!
शायद मेरे प्रतिरूप की प्रोग्रामिंग इसकी प्रोग्रामिंग की काट है!!
या इसका उल्टा भी हो सकता है!!
क्योंकि थोड़ा बहुत नुकसान मेरे प्रतिरूप को भी हो रहा है। बस, अब जल्दी ही मैं अलादीन के पीछे...
...जा पाऊंगा!!
अरे! इसने तो अपने ऊपर एक नई लौह-कवच की लेयर पैदा कर ली।

अब मैं इस पर वार करूंगा, तो नुकसान मेरा ही होगा।
क्योंकि यह तो लेयर पर लेयर जमाता जाएगा।
मैं इससे, लैम्प-बॉट्स से और लगातार आते फोर्स्स से एक साथ नहीं निपट सकता।
जल्दी ही कुछ सोचना होगा।
यह इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक वार मेरे स्नायु-तंत्र पर असर कर रहे हैं।
क्योंकि अब जिन्न के वारों को मैं खुद भी महसूस कर रहा हूं।
और बिल्डिंग के अंदर...
यह रहा अलादीन। यह... यह अंदर घुस रहा है।
घबराओ मत। अलादीन हो या जिन्न, इस ट्रिपल सिक्योरिटी सिस्टम को तोड़ पाना आसान नहीं है।
आऽऽऽऽऽ!
इसके लिए इतना मुश्किल भी नहीं लगता।
ध्रुव के लिए इस लड़ाई को जीतने का कारण ही समाप्त होने जा रहा था।
पर सवाल अभी खुद ध्रुव के समाप्त होने का था।
ओफ! यह अपनी पॉवर को बढ़ाता कैसे जा रहा है? यानी इसको कहीं से शक्ति मिल रही है।
पर कहां से?
यह स्मार्टफोन से पैदा हुआ था।
यानी इसे पॉवर भी स्मार्टफोन से शॉक वेव्स के जरिए मिल रही है।
और मोबाइल के सिग्नल डिसरप्ट करने के लिए मेरे पास...
मोबाइल जैमर है।
सिग्नल जाम होने से इस पर असर हो रहा है। इसकी कवच की लेयर टूट रही है।

सोर्स ब्लॉक होते ही ये पूरा प्रोजेक्शन टर्मिनेट हो गया!!
फूंऽऽऽऽ!
अब अगर पूरी गेमिंग लेयर का प्रोजेक्शन टर्मिनेट हो गया है...

"...तो शॉक वेव्स सिग्नलों के एकाएक ब्लॉक हो जाने से अलादीन के मोबाइल पर दबाव जरूर पड़ेगा!"
ये...यह क्या?

सुलेमान... खत्म हो गया! असंभव!
अब...तुम्हारी बारी है!
नहींऽऽऽ!

मुझे इसके पीछे जाना है, टेनी! पर मेरा उड़न-कालीन एकाएक गायब हो गया है!
मैं...मैं कोशिश कर रहा हूं, पर लगता है...
...जिन्न से हुई भिड़ंत ने तुम्हारे मोशन सेंसर्स को नुकसान पहुंचा दिया है!
यानी अलादीन बच निकलेगा!

अब अलादीन बिना दांत और बिना पंजों का शेर है। उसे जाने दो। अब वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचा सकता।
तब तक, जब तक वह गेम को दुबारा खेलकर पार न कर ले।
जिसने एक बार गेम पार कर लिया वह उसे दस बार भी पार कर सकता है।
इस गेम को नहीं, ध्रुव! क्योंकि यह गेम हर बार अपना रूप बदल लेता है!!

अब अंदर चल कर देखा जाए कि अलादीन, फोटॉन सिंह के घर में घुसने की कोशिश क्यों कर रहा था।
मैं अब भी कसम खा के कह सकता हूं...

...कि अलादीन सिर्फ फोटॉन सिंह...! फोटॉन सिंह!!
यह सब क्या है, मिस्टर रेमो?
यह है फोटॉन सिंह। पिछले पांच सालों से ये इसी हालत में है।
तबसे, जबसे मैंने इसको अलादीन की वह कैसेट खेलने को दी जो मुझे अलगप्पन ने दी थी!
मुझे पता नहीं था कि उसने एक और कैसेट अपने ऑफिस की सेफ में भी रखी थी।
इसने गेम थर्ड लेवल तक खेला! इसने मुझे बताया था कि गेम अजीब सा बर्ताव कर रहा है।
कभी-कभी गेम कैरेक्टर्स स्क्रीन से बाहर आने लगते हैं। तब मुझे यह फोटॉन का भ्रम लगा था।
फिर एक दिन जब मैं इसके कमरे में आया तो यह दीवार पर सिर मार रहा था। डर से पागल हो गया था यह।

मेरी कंपनी इसी के नाम से चलती है।
इसीलिए मैं इस राज को हर कीमत पर छुपा कर रखना चाहता था!
इसीलिए मैंने तुम्हें रोका था, ध्रुव!
लेकिन अगर फोटॉन, अलादीन नहीं है, तो फिर अलादीन है कौन?
एक मिनट! अब वह कैसेट कहां है, मिस्टर रेमो?

उस कैसेट से मुझे इतनी घृणा हो गई थी कि मैंने उसे स्टोर रूम में फेंक दिया था।
फिर एक दिन मेरी अनुपस्थिति में मेरे मैनेजर ने कुछ हार्डवेयर पास ही मोड़ के एक कबाड़ी को बेच दिया! जिसमें वह कैसेट भी चली गई।

पांच साल पहले तो वह कबाड़ी यहीं था पर अब वह कहां चला गया यह किसी को नहीं पता।
मैंने भी गलती पता चलने के बाद उसे ढूंढने की बहुत कोशिश की!
पर उसका कोई पता नहीं मिला। कोई कहता है कि वह दुबई चला गया...

"कोई कहता है कि ऑस्ट्रेलिया।"
हमने आधे शहर के बड़े कबाड़ी छान मारे, ध्रुव! पर सब बेकार।
अगर वह कबाड़ी जिंदा है तो मिलेगा जरूर!
लगता है मैं अपने पिता के कातिल तक कभी नहीं पहुंच पाऊंगा। कल उनकी अंतयेष्ठि है।
मैंने सोचा था कि उससे पहले हम कातिल को भी ढूंढ लेंगे।

चलो, घटनास्थल की फिर से छानबीन करते हैं।
शायद यहां पर कोई सुराग मिल जाए!
तुम चेक करो। मैं चाय बनवाता हूं! भोला! भोला!

अरे! भोला कोई जवाब क्यों नहीं देता!! कहां मर गया? भाग गया क्या?
एक मिनट!
ऑफिस की सेफ को किसी विश्वासपात्र ने ही खोला था। चाबी से!
उसको हमारे ऑफिस पहुंचने के बारे में भी पता था।
और अब भोला गायब है।
यानी...तुम्हारा कहना है कि भोला... अलादीन है!! ओ माई गॉड!!
हम्म! पर अगर यह अलादीन है और गेम कैसेट उसको ऑफिस-सेफ से मिली...
...तो कबाड़ी को बेची गई दूसरी गेम कैसेट कहां है? क्या वह भी किसी के पास है या फिर... वह नष्ट हो गई?
"और अगर नष्ट नहीं हुई है तो क्या अलादीन एक नहीं दो हैं?"
"क्या कयामत ढाएगा अलादीन इस खतरनाक तकनीक के जरिए?"
आज एक अजीबो-गरीब घटनाक्रम में बेरुत में ऑनलाइन वीडियोगेम खेलने से रोके जाने पर एक सैनिक ने सेना अध्यक्ष को गोली मार दी।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उस वक्त सैनिक का चेहरा वीडियो गेम के कैरेक्टर जैसा होकर चमक रहा था।
AI का 'वीडियो गेम थ्रेट' अपने पांव पसार रहा था।
और पूरी दुनिया से अजीबो गरीब खबरें आ रही थीं।
ELN
NUCLEAR CODE INCORRECT [ACCESS DENIED]
सर! हमारे न्यूक्लियर मिसाइल कोड को किसी अंजान प्रोग्राम ने ओवरराइड कर दिया है।
मिसाइल्स हमारे कंट्रोल में नहीं हैं।
आर यू श्योर, भैया, कि यह सब AI गेमिंग के कारण है?
हां। अलगप्पन जी की अंतयेष्ठि होने के साथ ही ये कोहराम मचना शुरू हो गया है।

"तो दुनिया को बर्बाद होने से कोई नहीं बचा सकता।"

हाहाहा!! डर के मारे कोई जनता को यह नहीं बता रहा है कि सिर्फ इतना ही नहीं, न्यूक्लियर मिसाइल्स के कोड तक हमारे कब्जे में हैं।

और हमारा पता किसी को मालूम नहीं है।

अब पूरी दुनिया अलादीन के कब्जे में है। अब समय आ गया है पूरी दुनिया के राष्ट्राध्यक्षों से बात करने का और अपनी कीमत वसूलने का।

बस छोटी सी कीमत चाहिए मुझे। पूरी दुनिया पर राज!!

उनको पहले ही पता चल चुका है, सरकार-ए-अलादीन!

और आपसे नेगोशिएट ...अ...वार्ता करने के लिए आए हैं...

...हो और अलादीन!

और...और तू कौन है यहां तक कैसे आ गई?

अरे, हमको छोड़िए! ये सब तो आपके जुड़वा भाई हैं।

इनको तो आप जानते ही हैं! भोला जी! अलादीन नम्बर दो! और जो आपके भाई इनके बगल में खड़े हैं...

वह असली अलादीन है!

वही अलादीन जिससे मैं गेम्स इंक के ऑफिस में टकराया था।

तुम्हारे सारे राज अब मेरे सामने खुल चुके हैं मिस्टर टेमी!

कै... कैसे राज? कौन से राज?

तुम्हारी महत्वाकांक्षाओ के राज!

तुम मेरे जरिए वह कैसेट ढूंढ रहे थे न? तो सुनो एक कहानी...

"एक महिला थी जो झोपड़-पट्टी के बच्चों को किराए पर पुराने वीडियो गेम खेला कर गुजारा करती थी। उसने एक कबाड़ी से एक गेम खरीदा। अलादीन!"

"उस महिला के एक बेटा था शिम, जो वीडियो गेम्स के बीच में ऐसे ही बड़ा हुआ था, जैसे मैं जानवरों के बीच सर्कस में।"

"उसने अनजाने में AI को कंट्रोल करके पूरी गेम खेल ली। गेम के अनुसार गेम पूरा पार करने की शर्त जिन्न की बलि देनी थी। पर शिम को जिन्न से इतना प्यार हो गया था कि उसने बलि देने के बजाय गेम 'QUIT' कर दिया। यही अलनप्पन की प्रोग्रामिंग थी। एंटी AI से बना जिन्न जिंदा हो गया।"

"इलैक्ट्रॉनिक जिन्न ने अपने पास एक अधिक शक्तिशाली स्रोत यानी उसके जन्म से 30 वर्ष बाद के स्मार्ट फोन को महसूस किया और उसके सर्किटों में अपने प्रोग्राम को ट्रांसफर कर लिया।"

"और फिर शुरू हुआ उसका असली काम!"

"गामा रे ट्रैकिंग के जरिए यह पता करना कि कहीं अलनप्पन के आविष्कार AI गेमिंग का कोई गलत इस्तेमाल तो नहीं हो रहा है!"

"इस्तेमाल हो रहा था।"

और वह तुम कर रहे थे, टेनी!
तुम्हारे दुनिया पर राज करने के प्लान में एंटी AI गेमिंग का व्यवधान पड़ने लगा।
और तुम जिन्न को ढूंढने के असफल प्रयास में जुट गए।
सबसे पहले तुमने अपने पिता को रास्ते से हटाया क्योंकि सिर्फ वे ही एंटी AI बनाने की टेक्नीक जानते थे।
यह मर्डर तुमने भोला के सामने किया ताकि वह गवाह रहे! और शक अलादीन पर जाए।
सारी दुनिया अलादीन को ढूंढकर सामने ले आए और तुम्हारे कर्मों की सजा भोला को मिल जाए।
"तुमने बड़ी चालाकी से मुझे इस चक्र में घसीट लिया। राजनगर में अजीब-ओ-गरीब घटना हो तो मैं आऊंगा ही! मैं आया!!"
"एक और नाटक खेला गया तुम्हारे ऑफिस में। वहां न तो कभी सेफ में फाईल थी और न ही कोई कैसेट।"
"तुमने ही एक प्रोजेक्टेड इमेज बनाई और उससे मुझे लड़वाया। मैं जीता! तुमको भरोसा हो गया कि मैं जिन्न को भी मात दे सकता हूं।"

"तुम्हारा अगला कदम संभावित अलादीन फोटॉन सिंह की जांच करना था पर किस्मत से यह आइडिया मुझे मेरी बहन ने पहले ही दे दिया।"
"हम वहां पहुंचे पर कहानी में ट्विस्ट आ गया!"
"जिम को डर था कि फोटॉन सिंह का पागलपन पता चलते ही उस कबाड़ी की तलाश शुरू हो जाएगी और तार जिम तक पहुंच जाएंगे। वह हमें रोकने के लिए आ पहुंचा!"
"मेरे जरिए जिन्न नष्ट हो गया और अलादीन शक्तिहीन हो गया!"
"अब तुम्हारा रास्ता साफ था। क्योंकि दुनिया के लिए अलादीन अब भोला था।"
पर तुमको फौलो करके हमने भोला को भी ढूंढ निकाला!
अलादीन मेरा बाप नहीं था। अनाथालय से लाकर उसने मुझे पाला पोसा जरूर था। पर वह मेरी बुद्धिमता से चिढ़ता था। इसीलिए उसने एंटी AI का राज मुझसे राज ही रखा! जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा।
अब तुम कुछ भी बकवास करलो, पूरी दुनिया को उंगलियों पर नचाने वाली AI गेमिंग पॉवर मेरी उंगलियों पर नाच रही है। ठीक वैसे ही...
जैसे तुम सब के सिर पर मौत नाच रही है।
श्वेता संभल कर! ये गामा रेज की इमेजेस हैं।
इससे छूते ही पूरा बदन हवा हो जाएगा।
जानती हूं! इसके AI कोडिंग का वायरस मेरी जेब में तैयार है और...
...यहां चारों तरफ वीडियो गेम लेयर होने के कारण नेचुरल कनेक्टिविटी भी है!!
पर वायरस को लोड होने में और उसका असर आने में टाइम लगता है।
और तब तक न तुम रहोगे और न ही तुम्हारा वायरस!
और इस बार तुम्हारी मदद कोई जिन्न...

...नहीं करेगा!

अरे! य... यह बच कैसे गया?

चौंक गए न? क्योंकि गेम का एक रूल तुम नहीं जानते। जिन्न या तो बचाने वाले का गुलाम बनता है या हराने वाले का।

तुम्हारी मदद से मैंने जिन्न को हराया। पर वह नष्ट नहीं हुआ। इसने खुद को मेरे ट्रांसमिटर के पॉवरफुल सर्किट में ट्रांसफर कर लिया। इसी ने मुझे अलादीन तक पहुंचाया।

अब यह मेरा... गुलाम तो नहीं कहूंगा, पर सहायक जरूर है।

यानी मैंने... मैंने खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली!!

पर मैं अगर कुल्हाड़ी मारूंगा तो अकेले अपने पैर पर नहीं ...पूरी दुनिया के पैरों पर मारूंगा।

टेनी का मिसाइल्स पर कंट्रोल इसी AI गेमिंग प्रोग्राम के जरिए है!

हमें इसके मेन कंट्रोल को नष्ट करना ही होगा!! कंट्रोल सेंटर नष्ट होते ही AI नष्ट हो जाएगा।

इसके लिए हमें टेनी के पीछे जाना होगा!
टेनी अपने कंट्रोल सेंटर की रक्षा के चक्कर में हमको खुद वहां तक ले जाएगा!
तो तू जिन्न की एंटी AI प्रोग्रामिंग के जरिए मेरे AI सेंटर को खत्म करना चाहता है, ध्रुव!!!
पर ऐसा तब होगा जब यह अपनी एंटी AI को बचाकर रख पाएगा!
वहां तक पहुंचते-पहुंचते इसकी चोटी भी नहीं बचेगी!
बचकर, ध्रुव। इन गामा गेमिंग फिगर्स का एक हल्का सा स्पर्श तुमको विखंडित कर देगा। इनसे मैं निपटता हूं।
नहीं। यही टेनी चाहता है। अपनी ऊर्जा बचा कर रखो। मैं निपटूंगा इनसे।
बात तो दुरुस्त है! इसके लिए तुमको बला की फुर्ती और चपलता के साथ चाहिए इस लाल चिराग के अंदर मौजूद...

आफताबी तलवार!
यह तो अच्छा है कि गेमिंग लेयर को संतुलित बनाए रखने के लिए इसमें खतरों के साथ उनकी काट को भी पैदा करना पड़ता है, वर्ना "पूरी गेमिंग लेयर ही फटे गुब्बारे की तरह बैठ जाएगी।
बस, अब हम मेन कंट्रोल से ज्यादा दूर नहीं हैं, ध्रुव
कुछ करो, कुछ भी करो। दुनिया का अंत ऐसे नहीं हो सकता।
कुछ भी काम नहीं आ रहा है, सर! मिसाइल्स 85 सेकेंड बाद छूट जाएंगी। और फिर पूरी पृथ्वी हो जाएगी...
"जीवन रहित।"
हाहाहा! समय पर पहुंच गया मैं। अब भी नष्ट कर लो अपने आपको, जिन्न वर्ना मैं दुनिया को नष्ट कर दूंगा मिसाइल्स छूटने में सिर्फ 80 सेकेंड शेष हैं।
ओफ्! वायरस का असर अभी यहां तक नहीं पहुंच पाया है। जो करना है अब तुमको ही करना है दोस्त!!
अगर यह इले-क्ट्रॉनिक जिंदगी रही तो फिर मिलेंगे, दोस्त।...
बस जाते-जाते तुमको एक सौगात दे जाता हूं
मेरी पॉवर से बना उड़न कालीन! यह तुमको तब तक खतरनाक AI गामा रेज से सुरक्षित रखेगा...

"जब तक मैं मेन कंट्रोल सेंटर और AI गेमिंग को नष्ट नहीं कर देता।"
जिन्न की एंटी AI सिर्फ छोटा सा नुकसान कर पाई।
अब मैं जल्दी ही इस छेद को भी भर दूंगा।

ओफ्! जिन्न वाला आखिरी वार भी खाली गया! अब तो यह छेद भी तेजी से भर रहा है।
और मिसाइल्स छूटने में अब सिर्फ 50 सेकेंड बचे हैं। वायरस का असर अब यहां तक पहुंच भी गया तो कुछ नहीं कर...
एक मिनट!

श्वेता! तुम जल्दी से वायरस प्रोग्राम को मेरे स्टार ट्रांसमीटर पर ट्रांसफर करो।
तुरंत!
पर भईया!
तुरंत!
अब तू कुछ नहीं कर पाएगा ध्रुव! हम सब मरेंगे।

और यह सब सिर्फ...

...तेरे कारण होगा।

य...यह नहीं हो सकता। यह तुमने क्या किया, ध्रुव?

"और मिसाइल्स छूटने में अभी भी 20 सेकेंड बचे हैं।"

ओरिजिनल कोड रिस्टोर हो रहे हैं, सर! मिसाइल्स काउंट-डाउन बंद कर रही हैं। पृथ्वी अब सुरक्षित है।

जरूर किसी दैवीय शक्ति ने ही हमें बचाया है।

पर वह शक्ति थी कौन?

यह शायद कभी पता न चले सर!...

एंटी AI वायरस को स्टार ट्रांसमीटर के जरिए सीधे स्त्रोत तक पहुंचा दिया।

खेल अब खत्म हुआ है, टेनी।

भाग्य वालों की ही अंतिम क्रिया उनके अपनों के हाथों होती है, ध्रुव!
पर तू तो महाभाग्यवान है। तुझे तो मौत भी अपने दे रहे हैं। और फिर यही मौत मिलेगी पूरे राजनगर को!
गुप्त रूप न रखने का नुकसान आज नजर आ रहा है। सुना था इस कारण हीरोज् के अपने खतरे में पड़ सकते हैं।
पर यहां तो मेरे अपने ही खतरा बन गए हैं। कौन है यह रहस्यमय शख्स, जो पलक झपकते ही किसी को भी दे देता है अद्भुत शक्तियां?
कहां से आया है यह...
नैनो
राज कॉमिक्स में सुपर कमांडो ध्रुव का हर पल रूप बदलता एक 'रोमांचक' विशेषांक।